2 ग्राम संगठन से कैसे बने ग्रामसभा मजबूत

- अच्छी पंचायत और ग्रामसभा का मतलब है गांव के लोग अपनी समस्याओं पर एक साथ बैठकर फैसला लें और फैसले को पूरा करने में भागीदारी करें। ग्राम संगठन हर महीने बैठक करता है इसलिये गांव की समस्याओं पर वह आसानी से बात कर सकता है।
- ग्राम संगठन एक सामाजिक मंच है जहां महिलायें गांव की समस्याओं विशेषकर महिलाओं और बच्चों की समस्याओ पर चर्चा कर सकती है और उनके समाधान भी सोच सकती है।
- समस्याओं और विकल्पों को संगठन में तय करके तैयारी के साथ इन मुद्दों को ग्राम सभा में रख सकती हैं जहां उनके परिवारों के पुरूष साथी भी होंगे। परिवार के पुरूष सदस्यों की पहले से अपने मुद्दे और हल बता देने से उनका ग्रामसभा में सहयोग भी लिया जा सकता है।

- संगठन में महिलाएं एक दूसरे को अच्छे से जानती हैं। इसलिये वह आसानी से योजनाओं के पात्रों को चुन सकती हैं, उदाहरण के लिये पेंशन किसको मिलनी चाहिए, आवास किसको मिले, तथा सही मजदूरों को पूरा भुगतान आदि।
- संगठन के सदस्य व उनके परिवार ही गांव की कई सेवाओं का लाभ लेते है जैसे स्कूल, टीकाकरण, आंगनवाड़ी इत्यादि। इसलिये सेवाओं को समझना, उन पर निगरानी रखना, सहयोग करना और उनका समुचित उपयोग करना संगठन की मासिक बैठकों में चर्चा का विषय होना चाहिए, ताकि ये सेवायें अच्छे से चलें।